



### एक नजर में



**सबका साथ सबका विकास मंत्र पर अमल : नपाध्यक्ष**

**सीहोर.** नपा परिषद में प्रति माह होने वाली परिषद विशेष सम्मेलन की बैठक में समस्त पार्षदगण एवं समस्त अधिकारीगण के साथ आयोजित की. बैठक के दौरान शहर में हो रहे विकास के अनुसार पूर्ण करने एवं सबका साथ सबका विकास' के मंत्र के साथ विस्तारक पूर्वक चर्चाएं की. इस मौके पर नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर की उपस्थित में एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थ, वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी की दरों में ऐतिहासिक कमी के अलावा आत्मनिर्भर भारत संकल्प आदि पर चर्चा की गई. नपाध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि हर वार्ड में करोड़ों रुपए के विकास कार्य तेजी से किए जा रहे हैं. आगे भी आप लोगों के सहयोग से स्वच्छता के साथ ही प्रदेश में विकास के साथ नंबर वन शहर को बनाया जाएगा. बैठक में सभापति पाषर्दगण, सीएमओ सुधीर सिंह अधिकारी विजय कोहली सहित अधिकारी उपस्थित थे. सीएमओ ने कहा कि स्वच्छता में हमारे शहर का नाम देश-प्रदेश मे रोशन हो, अब इस उम्मीद को धरातल पर उतारने की बारी आ गई है. सरकार और सिस्टमके अलावा खुद ही घर से शुरुआत कर स्वच्छता हर हाल में लाने की ठानना ही होगा. हमारी जिम्मेदारी और शहर को अव्वल लाने की तैयारी, बेहतर परिणाम तय हैं. कचरा न खुद फैलाएंगे और दूसरों को ऐसा करने से रोकेंगे.



**वन विभाग की छापामार कार्यवाही से मचा हड़कंप**

**बुधनी.** नव विभाग की छापामार कार्यवाही से लकड़ी माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है. लगातार हो रही सागौन की अवैध कटाई और चोरी को लेकर अब वन विभाग एक्शन मोड में आ गया है. विभाग ने चोरी की लकड़ी खरीदने वाले फर्नीचर व्यवसाइयों पर छापामार कार्रवाई शुरू कर दी है. वन विभाग ने फर्नीचर कारखानों पर छापेमारी की. इस दौरान अधिकांश दुकानों में ताले लटके मिले, जिससे संदेह और गहरा गया. कार्रवाई के दौरान विभाग ने 25 नग सागौन की जब्त की. वहीं मंगलवार को 15 नग सागौन की अवैध लकड़ी और बरामद की गई. अब तक कुल आठ फर्नीचर कारखानों पर कार्रवाई की जा चुकी है. तो वहीं बुधवार को भी छापामार कार्रवाई की गई. वन परिक्षेत्र अधिकारी राजित द्विवेदी ने बताया कि निरंतर जारी रहेगी.



**कार्तिक पूर्णिमा पर आस्था का सैलाब**

**बुधनी.** कार्तिक पूर्णिमा के पर्व पर आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला.नर्मदा घाट सहित क्षेत्र के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा के तट पर पवित्र स्नान कर पुण्य अर्जित किया. देर रात से ही श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था, जो दूसरे दिन शाम तक चलता रहा. भक्तों ने नर्मदा स्नान के बाद विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रसाद अर्पित किया और अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति की कामना की. बुधनी घाट, पुल घाट, बरखेड़ी घाट सहित आसपास के प्रमुख घाटों पर सुबह से ही भारी भीड़ रही. पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे. पुलिस बल तैनात कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर कड़ी निगरानी रखी गई. वहीं नपा की ओर से श्रद्धालुओं को सतर्कता बरतने की लगातार घोषणाएं की गई. प्रशासन ने लोगों से गहरे पानी में न जाने, नदी में गंदगी न फैलाने नर्मदा नदी की स्वच्छता बनी रहे. श्रद्धालुओं ने दीपदान, भजन-कीर्तन और विशेष पूजन-अर्चना के साथ कार्तिक पूर्णिमा पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया.

**टीम ने किया अस्पताल में एनक्यूएएस आंकलन**

**सीहोर.** राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) की टीम द्वारा जिला चिकित्सालय और ग्राम उलझावन एवं सालीखेड़ा के आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण कर एनक्यूएएस आंकलन किया गया है. निरीक्षण के दौरान एनएचएसआरसी की टीम के सदस्यों द्वारा एनक्यूएएस प्रमाणन के लिए अस्पतालों में संचालित सेवाओं एवं संपूर्ण केंद्रों की मानक जांच की गई तथा सेवाओं और सुविधाओं की गुणवत्ता का परीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन उमेश श्रीवास्तव एवं प्रबंधक श्रीमती रीना पाटीदार सहित स्टॉफ के सदस्य उपस्थित थे.

# अटेंडेंस के नाम पर बॉन्ड वाले डॉक्टरों का फर्जीवाड़ा

## जिले की विभिन्न तहसीलों में पदस्थ 32 बॉन्ड डॉक्टर फर्जी तरीके से फोटो के माध्यम से लगा रहे थे सार्थक एप पर अपनी अटेंडेंस

- सीएमएचओ ने 32 डॉक्टरों को थमाए नोटिस
- जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर करेंगे कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**बुधनी 5 नवंबर. सार्थक एप पर अटेंडेंस लगाने का बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है. स्वास्थ्य विभाग में हुए इस फर्जीवाड़े से हर कोई हैरान है. सीएमएचओ ने जिले के 32 बॉन्ड डॉक्टर (बंध चिकित्सक) को नोटिस देते हुए तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा है. वहीं तीन बीएमओ को भी नोटिस दिया है कि अब तक उनकी नजर इस गड़बड़झाले पर क्यों नहीं पड़ी.**

दरअसल स्वास्थ्य विभाग ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को सार्थक एप पर अटेंडेंस लगाने के निर्देश दिए हैं. जिनमें चिकित्सक भी शामिल हैं, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में काम कर रहे चिकित्सकों ने अटेंडेंस लगाने का नया तरीका ढूंढ निकाला. जिसके चलते यह बॉन्ड डॉक्टर्स फर्जी तरीके से फोटो के माध्यम से अटेंडेंस लगा रहे थे और खुद ड्यूटी नहीं जाते थे. इसका खुलासा तब हुआ जब राज्य स्तर पर सार्थक एप की ऑनलाइन अटेंडेंस की समीक्षा की गई. समीक्षा में पता चला कि एप पर इन डॉक्टर्स की अटेंडेंस में फर्जीवाड़ा हो रहा है. इनकी अटेंडेंस फोटो के माध्यम से लग रही है. इसके बाद सीएमएचओ डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने इन सभी 32 डॉक्टर्स को नोटिस देते हुए तीन दिन में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए. वहीं इस पूरे मामले में बीएमओ की संलिप्तता की आशंका के चलते उन्हें भी नोटिस दिए गए कि आखिर इतने दिनों से उन्होंने इस लापरवाही पर ध्यान क्यों नहीं दिया. जिन्हें नोटिस दिए गए हैं उन 32 अनुबंधित डॉक्टर्स में से जिले के श्यामपुर ब्लॉक के 24, बुदनी और इछावर ब्लॉक के 4-4 डॉक्टर्स शामिल हैं.

सीएमएचओ ने जो नोटिस जारी किए हैं उनमें स्पष्ट है कि कृत्य डॉक्टरों की अनुशासनहीनता, लापरवाही और उदासीनता को दर्शाता है, जो मप्र सिविल सेवा आचरण नियम के विपरीत है. ऐसे में यदि तीन दिन में स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया गया, तो बंधपत्र निष्फल घोषित कर अनुबंध समाप्त करने की कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि अक्टूबर माह का मानदेय भी स्पष्टीकरण के उत्तर और दोषमुक्तता के आधार पर ही जारी किया जाएगा. डॉक्टरों के इस फर्जीवाड़े को लेकर विभाग के अधिकारी हैरान हैं तो आमजन भी आश्चर्य में पड़ गए हैं.



डॉक्टरों के नदारद होने से उनकी कुर्सी खाली रहती है तो नर्स मोबाइल में मगन रहती हैं.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | Sehore | DR VAISHNAVI SHARMA | Bond-UG-MBBS | drvaishnavi1 | अनैतिक रूप से फोटो द्वारा उपस्थिति | |
| 5 | Sehore | Dr Vinni Thawani | Bond-UG-MBBS | drvinni | अनैतिक रूप से फोटो द्वारा उपस्थिति | |
| 6 | Sehore | DR VISHWAJEET BHARTI | Bond-UG-MBBS | DRBHARTI | अलग अलग व्यक्ति/ फोटो द्वारा लगाया जा रही है | |
| 7 | Sehore | ehsanul basit khan | Bond-UG-MBBS | khanehsan04 | अनैतिक रूप से फोटो द्वारा उपस्थिति | |
| 8 | Sehore | KRISHNA dANGI | Bond-UG-MBBS | Krishnadangi@101 | अलग अलग व्यक्ति/ फोटो द्वारा लगाया जा रही है | |

विभाग द्वारा पकड़ी गई गड़बड़ी में नजर आई सभी बॉन्ड डॉक्टरों की करतूत.

**एक ही मोबाइल से लगती थी सब डॉक्टरों की अटेंडेंस**

बताया जाता है कि जिन बॉन्ड चिकित्सकों को नोटिस जारी किए थे उन्होंने स्वाथ्य केंद्र पर एक मोबाइल रख दिया. कर्मचारी इस मोबाइल से सार्थक एप में डॉक्टर्स की आईडी से लॉगिन करके अटेंडेंस लगाते थे. इस तरह लोकेशन उनकी वहीं अस्पताल की होती थी और जब फोटो की बारी आती थी तो इन डॉक्टर्स ने खुद के फोटो स्कैन करके उन्हें बड़े आकार में प्रिंट करवा लिए थे. फोटो के समय यही फोटो शो करके अटेंडेंस लग जाती थी. जिलेभर के तीन ब्लॉक में ऐसे 32 डॉक्टर्स हैं, जिनकी अटेंडेंस इसी तरह फर्जी तरीके से लगी है. इन डॉक्टरों की होशियारी ने विभाग के अधिकारियों को भी अचंभित कर दिया है.

**इन डॉक्टरों को थमाए हैं नोटिस**

डॉ. एहतिशम वसीम, डॉ. अजली विश्वकर्मा, डॉ. आयुष्मान वरयानी, डॉ. अभिषेक दांगी, डॉ. अभिषेक जोशी, डॉ. अभिषेक कुमार नागर, डॉ. आदित्य भट्ट, डॉ. अंबिकेश कुमार तिवारी, डॉ. अमित सागर, डॉ. आयुशी रोशन, डॉ. विपाशा बराट, डॉ. जयेश दयाल, डॉ. मदिया अफजल, डॉ. मेघा चौहान, डॉ. निधी कामदार, डॉ. रिचिता चौहान, डॉ. श्रद्धा माण्डली, डॉ. शुभम छत्तानी, डॉ. सुलेखा रावत, डॉ. सुष्मिता चंदानी, डॉ. स्वाति मिश्रा, डॉ. वैष्णवी शर्मा, डॉ. विननी थवानी, डॉ. विश्वजीत भारती, डॉ. इशानल बसित खान, डॉ. कृष्णा दांगी, डॉ. राजीव दांगी, डॉ. राजनारायण मीना, डॉ. सना जेहरा नकवी, डॉ. शीतल बामनिया, डॉ. तन्वी दीवान, डॉ. यंशिका वाजपेयी शामिल हैं.

**डॉक्टरों के इस कृत्य को गंभीरता से लिया है**

राज्य स्तरीय समीक्षा के दौरान इस बात का पता चला कि जिले के विभिन्न अस्पतालों में पदस्थ बॉन्ड वाले डॉक्टर्स गलत तरीके से अटेंडेंस लगाकार फर्जीवाड़ा कर रहे हैं. इनके इस कृत्य को गंभीरता से लेते हुए इन्हें नोटिस देकर तीन दिन में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है. यदि स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं होता है इनके बॉन्ड निरस्त कर अनुबंध समाप्त किया जाएगा. इसके अलावा संबंधित बीमएओ को भी नोटिस दिए गए हैं कि उनकी निगाह अब तक इस पर क्यों नहीं पड़ी.

**डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया,** सीएमएचओ सीहोर

## गुरुद्वारे में कृषि मंत्री चौहान ने की अरदास

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 5 नवंबर.** गुरु नानक देव की जयंती पर गुरुद्वारा में आयोजित लंगर कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल हुए. गुरुद्वारे के बाहर विधायक सुदेश राय के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा चौहान की अगवानी की गई.

इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान के साथ विधायक सुदेश राय ने गुरु दरबार में मत्था टेक कर प्रदेश की जनता की खुशहाली की अरदास की और ज्ञानी जी को दरबार के लिए वस्त्र भेंट किया. केंद्रीय मंत्री चौहान और विधायक सुदेश राय ने समस्त सिख समाज जनों और लंगर में प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे श्रद्धालुओं को गुरु नानक जयंती



की हार्दिक शुभकामनाएं दी. इस अवसर पर सिख समाज सिंह सभा अध्यक्ष पदाधिकारियों के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर, पूर्व नपाध्यक्ष श्रीमती अमिता अरोरा, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सीताराम यादव, मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति, सन्नी सरदार और समस्त सिख समाज जन और श्रद्धालु नागरिक उपस्थित थे.

## अंतत : पुलिस ने नाबालिग को पीथमपुर से किया बरामद

- आक्रोशित यदुवंशी समाज के लोगों ने किया था चक्काजाम
- आरोपी के साथ सहयोगियों को भी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**भैरूंदा 5 नवंबर.** ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने एक 17 वर्षीय नाबालिग को पीथमपुर जिला धार से बरामद कर परिजनों को सौंपा. आरोपी तथा उसके सहयोगियों पर मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जहां से सभी का जेल भेजा गया.

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते 27 अक्टूबर को भादाकुई निवासी एक 17 वर्षीय नाबालिग की गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज कराई थी. पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की. लेकिन एक सप्ताह तक नाबालिग का कोई सुराग पुलिस को नहीं लगा तो परिजनों का आक्रोश पुलिस के खिलाफ बढ़ता गया और बीते 2 नवंबर को परिजनों व यदुवंशी समाज सेना द्वारा दुर्गा चौक पर 8 घंटे तक धरना प्रदर्शन किया और पुलिस पर दवाब बनाकर नाबालिग को 24 घंटे में ढूंढना और आरोपीगण का मकान तोड़ने की चेतावनी दी थी. पुलिस ने आंदोलनकारियों को आश्वासन दिया था, लेकिन आंदोलनकारी धरने से उठने को तैयार नहीं थे. मामला बिगड़ता देख और धरने प्रदर्शन से राहगीरों और लोगों को आ रही परेशानियों को देखते



हुएनेताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से चर्चा कराई तब कहीं आंदोलनकारी माने और धरना प्रदर्शन समाप्त किया. पुलिस ने 24 घंटे में ही पीथमपुर से आरोपी उमाशंकर पिता हब्बू लाल मेहरा निवासी भादाकुई के चुंगल से नाबालिग को बरामद किया. पुलिस ने आरोपी के साथ-साथ साजिश में शामिल विजेस मेहरा, शांताबाई मेहरा व गायत्री बाई मेहरा को भी न्यायालय में पेश किया. जहां से आरोपियों को जेल भेजा गया है.

## जमोनिया तालाब ने उगला जेल प्रहरी का शव

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 5 नवंबर.** मंगलवार की शाम जमोनिया तालाब पर नहाने के दौरान डूबे जेल प्रहरी का शव अगले दिन बुधवार की दोपहर तालाब से बरामद किया गया है. मंडी पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है.

जानकारी के अनुसार जिला जेल में पदस्थ प्रहरी अजय पठारिया बीती शाम एक महिला आरक्षक के साथ जमोनिया तालाब घूमने गया था. बताया जाता है कि जब वह तालाब में नहा रहा था तभी गहरे पानी में चला गया जिससे वह डूब गया. महिला आरक्षक ने इसकी सूचना पुलिस को दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से



जेल प्रहरी की तलाश करने का प्रयास किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला. इस दौरान एसडीआरएफ की टीम ने भी रात तक सर्चिंग अभियान चलाया था. बुधवार की सुबह एक बार फिर एसडीआरएफ ने तालाब में सर्चिंग ऑपरेशन शुरू किया. दोपहर में ऑक्सीजन सिलेंडर के साथ गोताखोर पानी में उतरे तो उन्हें अजय का शव तलहटी में नजर आया. शव को बाहर निकालते हुए पोस्टमार्टम कराया गया और परिजनों को सौंपा गया. मंडी पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

## नव विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**सीहोर.** थाना कोतवाली अंतर्गत नेहरु कालोनी में 22 वर्षीय विवाहिता ने फांसी के फंदे पर झूलकर जान दे दी. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है.जानकारी के अनुसार स्थानीय नेहरु कालोनी में किराए के मकान में रहने वाले मनीष की 22 वर्षीय पत्नी रेणूका ने बुधवार की सुबह घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है. बताया जाता है कि मृतिका का विवाह छह माह पूर्व ही हुआ था तथा कुछ ही दिन पहले पति- पत्नी नेहरु कालोनी के मकान में किराए से रहने आए थे.

## 9 एवं 10 के छात्रों के लिए ओलंपियाड

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 5 नवम्बर .** सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों में तार्किक सोच, समस्या समाधान क्षमता और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए कक्षा 9वीं एवं 10वीं के विद्यार्थियों के लिये गणित और विज्ञान विषय में ओलंपियाड का आयोजन किया जा रहा है. लोक शिक्षण संचालनालय सेकेण्डरी एजुकेशन विंग ने जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखकर निर्देश दिए हैं.

जानकारी के अनुसार ओलंपियाड में प्रत्येक विषय में 5 विद्यार्थी चयनित होंगे. गणित और विज्ञान मिलाकर कुल 10 विद्यार्थियों का चयन होगा. प्रत्येक विषय में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं 2 सांत्वना पुरस्कार होंगे. प्रथम पुरस्कार स्वरूप 51 हजार रुपए, द्वितीय 31 हजार और तृतीय के लिये 21 हजार रुपए की राशि पुरस्कार स्वरूप दी जायेगी. दो सांत्वना पुरस्कार 11-11 हजार रुपएहोंगे. ओलंपियाड परीक्षाएं विकासखंड और संभागीय मुख्यालयों पर होगी. विद्यार्थी गणित या विज्ञान किसी एक विषय में अथवा दोनों विषय में भाग ले सकता है. प्रथम परीक्षा का आयोजन विकासखंड मुख्यालय पर किया जाएगा. द्वितीय परीक्षा संभागीय स्तर पर आयोजित होगी. ओलंपियाड में भाग लेने विद्यार्थी की प्रविष्टि प्राचार्य द्वारा 10 नवम्बर तक विमर्श पोर्टल पर की जाएगी. प्रतियोगिता से संबंधित सभी जानकारी सरकारी स्कूलों के प्राचार्यों को भेजी गई है.

**खेल महोत्सव** — ग्राम धामंदा में सांसद खेल महोत्सव में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान हुए शामिल

## खेल शरीर के साथ मन, मस्तिष्क और आत्मा को भी रखते संतुलित

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 5 नवंबर.** ग्राम धामंदा में सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान व राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा शामिल हुए. इस अवसर पर उन्होंने शहीद नायक जितेंद्र कुमार की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की.

कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है. खेल केवल शरीर को स्वस्थ नहीं बनाते बल्कि मन, मस्तिष्क और आत्मा को भी संतुलित रखते हैं. उन्होंने कहा कि जब कोई युवा खेल मैदान में पसीना बहाता है, तो वह केवल अपनी जीत के लिए




नहीं बल्कि अपने व्यक्तित्व के निर्माण के लिए संघर्ष करता है. खेलों से व्यक्ति में अनुशासन, संयम, परिश्रम टीम भावना जैसे गुणों का विकास होता है, जो जीवन में सफलता का आधार बनते हैं. उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज फिट इंडिया मूवमेंट और खेलो इंडिया जैसे अभियानों के माध्यम से युवाओं को नयी दिशा दे रहा है. हमारा उद्देश्य है कि हर गांव से खिलाड़ी निकले, हर बच्चा खेलों से जुड़े और भारत खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़े.

इस अवसर पर राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा ने कहा कि खेल जीवन का सबसे सुंदर अध्याय हैं. खेल हमें सिखाते हैं कि जीत और हार दोनों को समान भाव से स्वीकार करना चाहिए. खेलों से न केवल शरीर मजबूत होता है बल्कि मन भी दृढ़ होता है. एक खिलाड़ी कभी निराश नहीं होता, वह हर हार से सीखता है और अगली बार और बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प लेता है. राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, एकता और परिश्रम की राह दिखाते हैं. आज का युवा अगर मैदान में समय देगा तो कल वह किसी न किसी क्षेत्र में अवश्य चमकेगा. हमारे देश के युवाओं में असीम ऊर्जा और प्रतिभा है, जरूरत केवल अवसर और दिशा की है. सांसद खेल महोत्सव जैसे आयोजन इसी दिशा में एक बड़ी पहल है. केंद्रीय कृषि मंत्री एवं राजस्व मंत्री ने इस अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया.

खेल महोत्सव कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, रायसेन भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रचना सुरेंद्र मेवाड़ा, पूर्व विधायक रामपाल सिंह, इछावर नगर परिषद अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा, गौरव सन्नी महाजन, रवि मालवीय, पंकज गुप्ता, पैरालंपिक जूडो खिलाड़ी कपिल परमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि, खिलाड़ी एवं नागरिक उपस्थित थे.

## केन्द्रीय मंत्री चौहान का किया स्वागत

**नवभारत न्यूज**

**आष्टा 5 नवंबर.** बुधवार को नगर में अल्प समय के लिए आए केन्द्रीय कृषि मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान का नगर के शीतल स्वीट्स पर साथियों सहित नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा के नेतृत्व में स्वागत किया.

इसी प्रकार प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का पूर्व मार्केटिंग सोसायटी अध्यक्ष कृपालसिंह पटाड़ा के निज निवास पर सम्मान किया गया. इस अवसर पर दोनों नेताद्वय ने केन्द्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी व प्रदेश एवं देश की भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों से आम नागरिकों को रूबरू कराने की बात कही.

इस अवसर पर सीहोर विधायक स्वदेश राय, भाजपा



जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, पूर्व मार्केटिंग अध्यक्ष कृपालसिंह पटाड़ा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, राकेश सुराना, मंडल अध्यक्ष अंजनी चौरसिया, सुशील संचेती, पार्षद रवि शर्मा, तेजपाल मुकाती, कमलेश जैन, तेजसिंह राठौर, तारा कटारिया, धनरूपमल जैन, सुभाष नामदेव, मोहित सोनी, गिरजा कुशवाह, मनीष धारवां, पवन वर्मा, सुमित मेहता, सौरभ रूणवाल, कमलेश विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्तागण मौजूद थे.

## पोषण दिवस पर 638 बच्चों का टीकाकरण

**सीहोर.** स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस के तहत जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया. शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 470 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 168 बच्चों का टीकाकरण किया गया. इसके साथ ही 65 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया. गौरतलब है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर बच्चों के टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है.